हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 29 अगस्त 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 60 गांवों में जैविक खेती की जगाई अलख...



07 मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना:अब 31 अक्टूबर से...



लाखों खर्च, फिर भी मुक्तिधाम बेकार, 15 साल में नहीं बना पहुंच मार्ग

बारिश में घुटने तक कीचड़, खेत की मेड़ों से गुजरती हैं अर्थियां, जिम्मेदारों की अनदेखी से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर/खुरई





ग्राम पंचायत बागथरी में शासन-प्रशासन की अनदेखी का खामियाजा ग्रामीणों को उस समय भी भुगतना पड़ रहा है, जब परिवार का कोई अपना इस दुनिया से विदा होता है। करीब 15 वर्ष पहले लाखों रुपये की लागत से बनाए गए मुक्तिधाम तक आज तक पहुंच मार्ग नहीं बन सका है। राजस्व नाप-जोख के दौरान मुक्तिधाम की भूमि निजी खाते में चले जाने के बाद सरकारी स्तर पर बना मुक्तिधाम उपयोगहीन होकर रह गया है। ऐसे में ग्रामीणों के लिए अंतिम विदाई भी किसी परीक्षा से कम नहीं है। हालात यह हैं कि गांव में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर परिजन और ग्रामीणों को शव लेकर खेतों की मेड़ों और निजी जमीन से होकर गुजरना पड़ता है। सामान्य दिनों में किसी तरह अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी हो जाती है, लेकिन बारिश के मौसम में यह परेशानी कई गुना बढ़ जाती है। कीचड़, पानी और फिसलन के बीच अर्थी को कंधों पर लेकर चलना पड़ता है। कई बार रास्ता इतना खराब हो जाता है कि अंतिम यात्रा में शामिल लोगों को भी अर्थी संभालने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ती है।

घुटने तक कीचड़ में कंधे पर अर्थी, हर कदम पर फिसलने का डर

मुख्य मार्ग से मुक्तिधाम तक करीब एक किलोमीटर का रास्ता पूरी तरह कच्चा है। बरसात होते ही यह रास्ता कीचड़ और पानी से भर जाता है। हाल ही में 70 वर्षीय गोपीलाल साहू का निधन होने पर उनके परिजनों को इसी बदहाल रास्ते से होकर अंतिम संस्कार के लिए जाना पड़ा। अर्थी को कंधा देने वाले ग्रामीण घुटने तक कीचड़ में धंसते हुए आगे बढ़े। एक ओर अपनों को खोने का दुख था तो दूसरी ओर खराब रास्ते ने अंतिम यात्रा को और पीड़ादायक बना दिया।मृतक के परिजन दशरथ लाल साहू ने बताया कि यह समस्या कोई नई नहीं है। हर बरसात में यही स्थिति बनती है। खेतों में पानी भर जाने से मेड़ों पर चलना मुश्किल हो जाता है। कीचड़ और फिसलन के कारण कई बार अर्थी को संभालने में परेशानी होती है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस समय परिवार को अपनों के अंतिम संस्कार के लिए सम्मानजनक व्यवस्था मिलनी चाहिए, उस समय उन्हें रास्ते की समस्या से जूझना पड़ता है।

15 साल बाद भी नहीं मिली समस्या से मुक्ति

ग्रामीणों के अनुसार करीब डेढ़ दशक पहले लाखों रुपये खर्च कर मुक्तिधाम का निर्माण कराया गया था। लेकिन रास्ते की समस्या का समाधान नहीं होने और भूमि संबंधी स्थिति स्पष्ट नहीं होने के कारण इसका वास्तविक उपयोग नहीं हो पा रहा है। सरकारी राशि से बना मुक्तिधाम आज भी ग्रामीणों के लिए किसी काम का नहीं है। मजबूरी में उन्हें वैकल्पिक स्थानों पर अंतिम संस्कार करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मुक्तिधाम केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि गांव के प्रत्येक परिवार की जरूरत है। जीवन की अंतिम यात्रा के लिए भी यदि किसी व्यक्ति के परिजनों को कीचड़ और खेतों के बीच से गुजरना पड़े तो इससे बड़ी विडंबना क्या होगी। उन्होंने प्रशासन से इस समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की मांग की है।

श्मशान के लिए नई शासकीय भूमि पर निर्माण की मांग

ग्रामीणों ने मांग की है कि श्मशान के लिए चिन्हित शासकीय भूमि पर शीघ्र व्यवस्थित मुक्तिधाम का निर्माण कराया जाए। इसके साथ ही मुख्य मार्ग से मुक्तिधाम तक पक्का पहुंच मार्ग, नाली और जल निकासी की व्यवस्था भी की जाए, ताकि बारिश के दिनों में अंतिम संस्कार के लिए जाने वाले लोगों को परेशानी न उठानी पड़े।

पंचायत सचिव बोले- प्रस्ताव वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा

इस संबंध में पंचायत सचिव राकेश ने बताया कि वर्तमान मुक्तिधाम तक पहुंचने के लिए रास्ता उपलब्ध नहीं है। बारिश के दौरान रास्ता खराब होने के कारण ग्रामीण खेतों में अंतिम संस्कार करने को मजबूर होते हैं। नया मुक्तिधाम बनाने के लिए शासकीय भूमि चिन्हित की गई है और निर्माण का प्रस्ताव वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।



झमाझम बारिश के बीच मना रक्षाबंधन, बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी प्रेम की डोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर झमाझम बारिश के बावजूद भाई-बहन के अटूट प्रेम में कोई कमी नहीं दिखी। सुबह से हो रही रिमझिम बारिश के बीच बहनें सज-धज कर अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने पहुंची।

नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर लंबी उम्र की कामना की, तो भाइयों ने भी बहनों को जीवनभर रक्षा करने का वचन देकर नेग दिया।

सब जेल में भी गूंजा राखी का त्योहार

रक्षाबंधन की खुशी से सब जेल खुरई भी अछूता नहीं रहा। यहां बंद भाइयों से राखी बंधवाने के लिए बहनें जेल पहुंची। जेल प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्था की गई थी। नम आंखों के साथ बहनों ने अपने बंदी भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाई।

इस दौरान जेल परिसर में भावुक दृश्य देखने को मिला। बारिश के बावजूद बाजारों में दिनभर चहल-पहल बनी रही।



खबर संक्षेप

बघोरा का प्राथमिक स्कूल भवन जर्जर, हादसे के डर से बच्चे नहीं जा रहे स्कूल

खुरई। ग्राम पंचायत कन्नाखेड़ी के ग्राम बघोरा में शासकीय प्राथमिक स्कूल भवन की हालत अत्यंत जर्जर हो चुकी है। भवन क्षतिग्रस्त होने से हर समय हादसे का डर बना रहता है, जिसके चलते माता-पिता अपने बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह स्कूल वर्ष 1989 से संचालित है। लंबे समय से इसकी मरम्मत नहीं हुई है। दीवारों में दरारें आ गई हैं और छत से प्लास्टर गिर रहा है। बच्चों की घर में शिकायत के बाद ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने स्कूल का मुआयना किया तो स्थिति और भी चिंताजनक मिली। समस्या यह भी है कि दूसरा नजदीकी स्कूल गाँव से काफी दूर है और रास्ते में नदी-नाले पड़ते हैं, जिससे छोटे बच्चे वहाँ नहीं जा सकते। गाँव के अधिकांश लोग मजदूर वर्ग से हैं। इसको लेकर ग्रामीणों और जनपद सदस्य ने जनसुनवाई में प्रशासन को आवेदन सौंपकर जल्द से जल्द स्कूल भवन की मरम्मत और नए भवन निर्माण की मांग की है।

श्रवणबेलगोला तीर्थ दर्शन यात्रा के लिए आवेदन 23 सितंबर तक

सागर। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत सागर जिले से श्रवणबेलगोला की तीर्थ यात्रा प्रस्तावित की गई है। इस संबंध में मध्यप्रदेश शासन द्वारा श्रवणबेल गोला तीर्थ स्थल के लिए सागर जिले को कुल 111 यात्रियों का कोटा आवंटित किया गया है। यात्रा के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर निर्धारित की गई है, जबकि प्रस्तावित यात्रा 24 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। जिला प्रशासन ने योजना के अंतर्गत पात्र श्रद्धालुओं से निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है। आवेदन के साथ चिकित्सकीय प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड नंबर सहित आवश्यक जानकारी देना अनिवार्य होगा। प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद पात्र आवेदकों का चयन किया जाएगा। आवेदकों को सलाह दी गई है कि आवेदन की निर्धारित तिथि एवं समयावधि के भीतर संबंधित कार्यालय में जमा कराएं, ताकि यात्रा का लाभ प्राप्त किया जा सके।



20 से 26 सितंबर तक होगा श्रीमद्भागवत प्रवचन व असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण

25 सितंबर को श्रद्धा-भक्ति से मनाया जाएगा दद्दाजी का जन्मोत्सव, देशभर से जुटेंगे गुरु भाई-बहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

दद्दाजी शिष्य मंडल की बैठक पीतल फैक्ट्री, दुर्गा कॉलोनी स्थित मोहन कुशवाहा के निवास पर गृहस्थ संत एवं पूज्य दद्दाजी के सुपुत्र डॉ. अनिल शास्त्री 'बड़े भैया सरकार' की उपस्थिति में हुई। बैठक में 20 से 26 सितंबर तक आयोजित होने वाले श्रीमद्भागवत प्रवचन एवं असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की गई। दद्दाजी शिष्य मंडल के वरिष्ठ गुरु भाई डॉ. सुखदेव मिश्र ने बताया कि आयोजन के दौरान 25 सितंबर को पूज्य दद्दाजी का जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जन्मोत्सव में देशभर से दद्दाजी शिष्य मंडल के गुरु भाई-बहनों के शामिल होने की संभावना है।

बैठक में सुरेंद्र सुहाने, उत्तम सिंह ठाकुर, गुलाम सिंह राजपूत, नारायण कबीरपंथी, राजकुमार तिवारी, देवेंद्र गौर, पप्पू फुसकेल, प्रदीप दुबे, माधव कटारे, गुड्डू अग्रवाल, शांतिस्वरूप दुबे, संजय जड़िया, अखिलेश गौर, अभिषेक गौर, रितेश तिवारी, नितिन राठौर, आनंद ददरिया, सीताराम सेन, मोती पटेल, चंदन सुहाने सहित मंडल के गुरु भाई उपस्थित रहे।

रहली में मुखबिर की सूचना पर गांधी चौक में घेराबंदी, चोरी की बाइक समेत दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली



चोरी की वारदात के बाद रहली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी गई मोटर साइकिल बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 65 हजार रुपए कीमत की मोटरसाइकिल जब्त की है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। रिपोर्ट के अगले दिन ही पुलिस को मिली सफलताजानकारी के अनुसार वनग्राम रहली निवासी हरी सिंह पिता टीकाराम गौर ने 26 अगस्त को थाना रहली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-15-जेडएम-7385 अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 583/2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान 27 अगस्त को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की मोटरसाइकिल लेकर दो संदिग्ध व्यक्ति गांधी चौक की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गांधी चौक पर वाहन चेकिंग शुरू कर दी।

हुलिए के आधार पर दबोचे संदिग्ध

वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए के दो संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल के साथ पुलिस के हाथ लग गए। पूछताछ और वैधानिक कार्रवाई के दौरान पुलिस को दोनों के चोरी की वारदात में शामिल होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने मोटरसाइकिल को जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोलू पिता मान सिंह अहिरवार (27), निवासी सिकंदर बरखेड़ा तथा नीरज पिता धनिराम बंसल (29), निवासी ग्राम गुंजोरा, थाना गढ़ाकोटा के रूप में हुई है।

एक दिन में चोरी का खुलासा

पुलिस की कार्रवाई की खास बात यह रही कि 26 अगस्त को मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद अगले ही दिन पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय कर चोरी का वाहन बरामद कर लिया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से फरियादी को उसका वाहन वापस मिलने की उम्मीद जगी है। कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक संजय ऋषिश्वर के नेतृत्व में की गई। इसमें सहायक उपनिरीक्षक सुदेश आदर्स, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज ठाकुर, आरक्षक प्रवीण गुप्ता और आरक्षक सतीश पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

श्रेयांसनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक व रक्षाबंधन पर्व श्रद्धाभाव से मनाया गया

सागर। श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र, काकागंज में शुक्रवार श्री 1008 श्रेयांसनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक पर्व एवं रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और धार्मिक आयोजनों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीजी के अभिषेक एवं शांतिधारा के साथ हुआ। इसके बाद विधि-विधानपूर्वक भगवान की पूजन-अर्चना की गई। पूजा के उपरांत भगवान के चरणों में निर्वाण लाडू अर्पित किया गया। निर्वाण लाडू अर्पण के समय मंदिर परिसर भक्तिमय जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर प्रथम शांतिधारा का पुण्यार्जन डॉ. सुनील कुमार एवं श्री राजेश कुमार जैन, एडिना परिवार द्वारा किया गया। द्वितीय शांतिधारा श्री रोहित जैन, रामपुरा तथा तृतीय शांतिधारा प्रियेश जैन द्वारा की गई। तीनों पुण्यार्जक परिवारों ने श्रद्धापूर्वक शांतिधारा कर धर्मलाभ प्राप्त किया। मोक्ष कल्याणक पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्रेयांसनाथ के निर्वाण की स्मृति में पूजा-अर्चना एवं निर्वाण लाडू अर्पित कर पुण्यार्जन किया। वहीं रक्षाबंधन पर्व के धार्मिक महत्व को भी श्रद्धा के साथ मनाया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण रहा। मंदिर समिति एवं श्रद्धालुओं ने सभी पुण्यार्जक परिवारों को मंगल शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

कांग्रेस सेवादल परिवार का मासिक ध्वजारोहण कार्यक्रम चकराघाट कॉरिडोर पर संपन्न होगा

सागर। हर माह के अंतिम रविवार को होने वाले शहर कांग्रेस सेवादल परिवार के मासिक ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन इस अगस्त माह में चकरा घाट के नजदीक कॉरिडोर पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष प्रशांत समैया के कर कमलों द्वारा सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव और सेवादल के प्रदेश महासचिव विजय साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिन्टू कटारे ने सभी कांग्रेस जनों, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, नगर निगम पार्षद गण, यंग ब्रिगेड, सेवादल परिवार जनों से 30 अगस्त को सुबह 10.30 पर चकराघाट के नजदीक कॉरिडोर पर उपस्थित रहकर कार्यक्रम सफल बनाने की विनम्रता पूर्वक अपील की है।

श्रावणी उपाकर्म में क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्वान एकत्रित हुए

बरसते पानी के बीच बेबस नदी के तट पर पांच घंटे गुंजायमान रहे वेदमंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



शुक्रवार को सुबह से ही बारिश जारी थी। लोग घर से बाहर निकलने से बच रहे थे पर बेबस नदी के चितौरा घाट पर पांच घंटे वेदमन्त्र गूंजते रहे। अवसर था ब्राह्मणों के श्रावणी उपाकर्म का जिसमें क्षेत्र के प्रतिष्ठित बड़े बड़े विद्वान एकत्रित हुए। सनातन वैदिक और ऋषि परंपरा में चार प्रमुख त्योहार चार वर्णों में विभक्त किए गए हैं जिनमें श्रावणी ब्राह्मण, दशहरा क्षत्रिय, दीपावली वैश्य और होली शूद्र वर्ण का त्योहार माना जाता है। श्रावण पूर्णिमा पर श्रावणी का पर्व मनाया जाता है। इसमें ब्राह्मण अपने तेज तप को जाग्रत करते हैं।

सागर में बेबस नदी के तट चितौरा घाट पर वयोवृद्ध पुरोहित पुजारी विद्वत संघ के संभागीय अध्यक्ष पं.राजेंद्रप्रसाद पाण्डेय सानौधा के निर्देशन और पं.रामेश्वरप्रसाद तिवारी बंडा के आचार्यत्व में शुक्रवार को पुजारी पुरोहित विद्वतजन और ब्राह्मण समाज के लोग प्रातःकाल से जुटे भीगते हुए लगभग पांच घंटे श्रावणी उपाकर्म कार्यक्रम चला। युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. भरत तिवारी ने बताया कि पिछले कई वर्षों से हम लोग श्रावणी उपाकर्म सामूहिक रूप से ही करते आ रहे हैं ये हमारी ऋषि परंपरा का अंग माना जाता है। सबसे पहले प्रायश्चित संकल्प किया गया। इस संकल्प में वर्ष भर के ज्ञात अज्ञात सकल दोषों का शमन किया प्रायश्चित हेमाद्रि संकल्प लगभग एक घंटे तक चला।

पुरोहित पुजारी विद्वत संघ के अध्यक्ष पं. शिवप्रसाद तिवारी ने बताया संकल्प पश्चात बाहशुद्धि के लिए दशविध स्नान और आंतरिक शुद्धि के लिए पंचगव्य का पान सभी को कराया गया, स्नान में गाय का दूध, दही, घी,भस्म, गोबर, मृतिका, दूर्वोदक, कुशोदक,स्वर्णोदक, गोमूत्र एवम तीर्थजल प्रमुख रहते हैं पंचगव्य में गाय का दूध, दही, घी, गोबर, और गोमूत्र का पान किया जाता है।

धर्माधिकारी पं.बृजेश महाराज ने बताया हम ब्राह्मण जो वर्ष भर आशीर्वाद देते रहते हैं उसमे अपने तेज को क्षीण करते रहते है अपने तेज के पुनः उत्सर्जन के लिए ऋषियों ने उपाकर्म की परंपरा बनाई है प्रत्येक ब्राह्मण खासतौर पर कर्मकांडी के लिए उपाकर्म अनिवार्य माना जाता है।

गौ पीठाधीश्वर पं.विपिनबिहारी दास महाराज ने बताया श्रावणी उपाकर्म हम कथा वक्ताओं के लिए भी अति आवश्यक है हमारी बाणी से जाने अनजाने कोई दोष हो जाए तो आज इस कर्म से उसका शमन हो जाता है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिवसेना के उपराज्य प्रमुख पं.पप्पू तिवारी, पं.रामचरण शास्त्री श्रीहरि पं.नवीनबिहारी दुबे, पं.दिनेश उपाध्याय, पं.हरिहर मिश्रा, पं.नंदन पाण्डेय, पं.गौरव शास्त्री महेश प्रसाद तिवारी, पं.त्रिलोक तिवारी, पं.प्रदीप दुबे, पं.शिव नारायण तिवारी, पं.मनोज कुमार तिवारी, शिवनारायण गोस्वामी, पं.रामसेवक पाठक, पं.द्वारका दुबे पं.रामाधार तिवारी, पं.बृजेश मिश्रा, पं.आशीष प्यारी, पं.शक्ति मिश्रा, पं.हरि नारायण मिश्रा, पं.कामता प्रसाद रिछारिया, पं.देवांश मिश्रा, पं.नरेंद्र रिछारिया, पं.रामकृष्ण शास्त्री, पं.दिनेश पाण्डेय, सुरेंद्र मिश्रा, महेश दुबे, राकेश प्यासी, सहित बड़ी संख्या में पुरोहित पुजारी विद्वतजन एवं बिप्र समाज के लोग उपस्थित रहे।



खुरई में ब्राह्मण समाज ने परंपरागत रूप से मनाया श्रावणी पर्व, बदला जनेऊ

खुरई। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास की पूर्णिमा पर खुरई में श्रावणी उपाकर्म पर्व बड़े ही श्रद्धा और विधि-विधान से मनाया गया। यह पर्व ब्राह्मणों का त्योहार है, विशेष रूप से कर्मकांडी पुजारी पुरोहित वर्ग के लिए अति आवश्यक माना जाता है। नगर के मंदिरों में सुबह से ही विप्रजनों का जमावड़ा रहा। दशविधि स्नान, प्रायश्चित संकल्प, ऋषि पूजन और यज्ञोपवीत पूजन कर नया यज्ञोपवीत धारण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से आचार्य सुरेन्द्र पाण्डेय, आचार्य सुरेन्द्र शास्त्री भीलोंन, मनोहर पाण्डेय, बल दाऊ मंदिर पुजारी शरद रिछारिया, क्षीरसागर मंदिर पुजारी सर्वेश रिछारिया, ऋषि दुबे, रोहित पाण्डेय, पं. कृष्णकांत तिवारी, पं. विनायक पांडे, पं. सुनील तिवारी, पं. निर्मल मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कर्मकांडी विप्र बंधुओं ने सामूहिक रूप से श्रावणी कर्म किया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुराने जनेऊ का विसर्जन कर नया यज्ञोपवीत धारण किया गया। मान्यता है कि श्रावणी के दिन जनेऊ बदलने से पापों से मुक्ति मिलती है और ज्ञान में वृद्धि होती है।

कलेक्टर जनसुनवाई में हुई शिकायत, डीएफओ से जांच और कार्रवाई की मांग

वन रक्षकों पर ही लगा वन संपदा बेचने और अतिक्रमण का आरोप





हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जंगलों की सुरक्षा के लिये नियुक्त किये अधिकारियो और कर्मचारियों पर ही वन संपदा को नष्ट कराने का और वनभूमि पर अतिक्रमण कराने का गंभीर आरोप लगा है। इसके अलावा जनसुनवाई में वाकायदा लिखित शिकायत भी हुई है जिसमें उक्त मामले की जांच कराकर कार्यवाही कराये जाने की मांग की गई है। जबकि दूसरी ओर संबंधित वन अमले ने इन आरोपों को झूठा बताया है।

दिगौड़ा डिप्टी रेंजर व बरेटी वीट महिला वनरक्षक पर आरोप

वन विभाग की भूमि पर कथित अतिक्रमण कर वन संपदा का दोहन एवं विक्रय किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मोहनगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम बरेठी निवासी सुजान सिंह ने कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है। उक्त शिकायत में दिगौड़ा रेंज के डिप्टी रेंजर मनोहर घोष एवं बरेठी खास वीट की वन रक्षक ममता सिंह पर वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण करवाने तथा वन संपदा का विक्रय करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत को कार्रवाई के लिए डीएफओ राजाराम परमार के पास भेजा गया है। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जन आवेदन के अनुसार शिकायतकर्ता ने 25 अगस्त को आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदन में वन विभाग की भूमि से संबंधित मामले की जांच कराकर अतिक्रमण एवं वन संपदा के कथित अवैध दोहन पर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए हस्तलिखित आवेदन में आरोप लगाया गया है कि संबंधित लोगों द्वारा वन भूमि पर कब्जा कर वहां मौजूद हरे पेड़ों एवं अन्य वन संपदा को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। आवेदन में वन भूमि के उपयोग तथा पेड़ों की कटाई से संबंधित कई गंभीर बातें दर्ज की गई हैं। शिकायतकर्ता ने अधिकारियों से मौके पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन कराने और वास्तविक स्थिति सामने लाने की मांग की है।

वन भूमि पर कब्जे की जांच की मांग

शिकायत में वन विभाग की भूमि पर कथित रूप से किए गए अतिक्रमण की सीमांकन एवं स्थल जांच कराने की मांग प्रमुख रूप से की गई है। शिकायतकर्ता सुजान सिंह का कहना है कि यदि वन भूमि पर अवैध कब्जा अथवा वन संपदा का दोहन किया जा रहा है तो इससे सरकारी भूमि के साथ-साथ पर्यावरण एवं वन संरक्षण को भी नुकसान पहुंच रहा है। आवेदन में संबंधित व्यक्तियों द्वारा वन संपदा के कथित विक्रय की भी शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वाले लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

डीएफओ को भेजा गया आवेदन, जांच पर टिकी नजर

कलेक्टर कार्यालय में दर्ज शिकायत में स्पष्ट रूप से आरोप लगाया गया है कि मनोहर घोष एवं ममता सिंह द्वारा वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण करवाया जा रहा है एवं वन संपदा को बिकवाया जा रहा है। उक्त शिकायत की जाँच और कार्रवाई के लिए डीएफओ परमार को निर्देशित किया गया है। अब इस शिकायत पर वन विभाग द्वारा क्या जांच की जाती है और मौके पर जांच के दौरान वन भूमि, पेड़ों की कटाई तथा कथित वन संपदा के विक्रय के संबंध में क्या तथ्य सामने आते हैं, यह महत्वपूर्ण होगा।

आरोप निराधार हैं

मेरे ऊपर लगाये गये आरोप निराधार हैं। हमारे द्वारा कुछ समय पूर्व ही अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही भी की गई है।
मनोहर घोष, डिप्टी रेंजर दिगौड़ा वन क्षेत्र

60 गांवों में जैविक खेती की जगाई अलख, किसानों को जोड़ने की तैयारी

चार ब्लॉक और तीन विधानसभा क्षेत्रों में किसानों से सीधा संवाद



परंपरागत कृषि विकास योजना में एक करोड़ की प्रोत्साहन राशि डीबीटी से खातों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जैविक खेती अपनाएंगे, देश को बचाएंगे के संदेश के साथ किसानों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और टिकाऊ कृषि पद्धति अपनाने के लिए प्रेरित करते हुये जिले में किसानों को रासायनिक खेती के विकल्प के रूप में जैविक खेती की ओर प्रेरित करने का अभियान किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन तथा उप संचालक कृषि मनोज कश्यप के मार्गदर्शन में लगातार आगे बढ़ रहा है। स्वस्थ परिवार, सुखी किसान और समृद्ध भारत के संकल्प के साथ जिले के चार ब्लॉकों के 60 गांवों में किसानों से संपर्क कर उन्हें जैविक खेती की तकनीक, जैविक खाद, फसल प्रबंधन और सुरक्षित खाद्य उत्पादन के संबंध में प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया जा रहा है। अभियान के तहत परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत चयनित किसानों के खातों में करीब एक करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से पहुंचाई जा चुकी है। वहीं फसलों के सत्यापन के बाद जल्द ही दूसरी किस्त के रूप में करीब एक करोड़ रुपये की राशि किसानों के खातों में भेजे जाने की तैयारी है।

गोबर, गौमूत्र से जैविक खाद बनाने पर जोर

पतंजलि ऑर्गेनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट, हरिद्वार के जिला प्रभारी एवं पतंजलि किसान सेवा समिति राज्य प्रभारी मुन्नीलाल यादव ने बताया कि किसानों को जैविक खेती के दौरान देशी गाय के गोबर एवं गौमूत्र से तैयार होने वाले जैविक इनपुट के उपयोग के बारे में जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में बताया जा रहा है कि जैविक खाद एवं प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर खेती की लागत को नियंत्रित करने के साथ मिट्टी की गुणवत्ता और दीर्घकालिक कृषि स्थिरता को बेहतर बनाने की दिशा में काम किया जा सकता है। किसानों के बीच रासायनिक खेती में बढ़ते कीटनाशक एवं रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को लेकर भी चर्चा की जा रही है। कई किसानों ने अपने परिवार और परिचितों में गंभीर बीमारियों के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता जताते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की बात कही।

फसलों का मौके पर पहुंचकर किया जा रहा सत्यापन

अभियान के तहत प्रशिक्षित किसानों के खेतों तक पहुंचकर खरीफ फसल का सत्यापन भी किया जा रहा है। दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट के स्टेट कॉर्डिनेटर भुवनेश्वर राय द्वारा किसानों के खेतों का निरीक्षण कर जैविक खेती के निर्धारित मानकों के अनुरूप फसल उत्पादन की जानकारी ली जा रही है। किसानों ने खरीफ फसल में जैविक खाद के उपयोग की जानकारी देते हुए आगामी रबी सीजन में भी जैविक खेती जारी रखने के लिए उत्साह व्यक्त किया है। अभियान से जुड़े लोगों का कहना है कि किसानों को केवल प्रशिक्षण देकर छोड़ने के बजाय पूरे फसल चक्र के दौरान खेत पर पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान और तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराना जरूरी है। इसी उद्देश्य से ब्लॉक स्तर पर समन्वयकों और गांव स्तर पर कार्य कर रहे एलआरपी के माध्यम से किसानों से लगातार संपर्क बनाए रखने की योजना पर काम किया जा रहा है।

2 हजार किसानों तक पहुंचेगा अभियान

पतंजलि ऑर्गेनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट, हरिद्वार के माध्यम से टीकमगढ़ जिले के लगभग 2 हजार किसानों से निरंतर संपर्क बनाए रखने की योजना है। इसके लिए ब्लॉक स्तर पर कॉर्डिनेटर सक्रिय रहेंगे और गांव स्तर पर किसानों को खेती के दौरान आने वाली समस्याओं, जैविक इनपुट के उपयोग, फसल प्रबंधन एवं उत्पादन संबंधी तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। अभियान का उद्देश्य किसानों को जैविक खेती के प्रति जागरूक करने के साथ स्वस्थ मिट्टी, सुरक्षित भोजन, कम लागत और टिकाऊ कृषि की दिशा में आगे बढ़ाना है। किसानों को यह भी समझाया जा रहा है कि खेत एवं घर के स्तर पर सब्जी, अनाज, दाल और अन्य खाद्य सामग्री का उत्पादन करने से परिवार को ताजा खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सकती है और बाजार पर निर्भरता कम होने से घरेलू खर्च को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है।

चार ब्लॉकों में कृषि विभाग की सहभागिता

यह अभियान किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन तथा उप संचालक कृषि मनोज कश्यप के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। टीकमगढ़, जतारा, बल्देवगढ़ और पलेरा के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों के सहयोग से कृषि विस्तार अधिकारी भी अभियान में सहभागिता कर रहे हैं। किसानों को जैविक खेती की तकनीक, जैविक इनपुट, फसल प्रबंधन और खेत स्तर की समस्याओं के समाधान के संबंध में मार्गदर्शन दिया जा रहा है। वहीं परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत पतंजलि ऑर्गेनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट, हरिद्वार के जिला प्रभारी एवं पतंजलि किसान सेवा समिति मध्यप्रदेश के राज्य प्रभारी मुन्नीलाल यादव के नेतृत्व में अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है। मुन्नीलाल यादव ने कहा कि किसानों को केवल जैविक खेती का प्रशिक्षण देना पर्याप्त नहीं है। हर मौसम में किसानों के खेत तक पहुंचकर मार्गदर्शन और सहयोग देना जरूरी है। हमारा उद्देश्य किसानों को स्वस्थ मिट्टी, सुरक्षित भोजन, कम लागत और टिकाऊ कृषि की दिशा में आगे बढ़ाना है।

रक्षाबंधन पर खाद्य विभाग ने की छापेमारी

40 किलो दूषित मिल्क केक नष्ट कराया, खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

ललितपुर । रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने गुरुवार को शहर में छापामार कार्रवाई की।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सदर हेमंत पटेल के नेतृत्व में टीम ने प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान करीब 40 किलोग्राम दूषित मिल्क केक नष्ट कराया गया, जबकि कई खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नगर पालिका क्षेत्र स्थित कॉफी हाउस, प्रो. विजय कुमार जैन के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। मौके पर पर्याप्त साफ-सफाई नहीं पाई गई। टीम को री-यूज्ड एडिबल ऑयल का प्रयोग होता मिला। इसके अलावा खाद्य पदार्थों की पैकिंग के लिए अखबार का इस्तेमाल किया जा रहा था, जिसे खाद्य सुरक्षा मानकों के तहत अनुमन्य नहीं बताया गया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने यहां से खोया के दो, मिल्क केक का एक और छेना का एक, कुल चार नमूने संग्रहित किए। साफ-सफाई संबंधी कमियां मिलने पर प्रतिष्ठान को नोटिस भी जारी किया गया। इसके बाद टीम ने मोहन मावा भंडार, प्रो. मयंक जैन के यहां छापामार कार्रवाई की। यहां भंडारित मिल्क केक, पनीर और खोया के नमूने जांच के लिए लिए गए।



निरीक्षण के दौरान करीब 40 किलोग्राम दूषित मिल्क केक पाया गया, जिसे मौके पर ही नष्ट कराया गया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि दोनों प्रतिष्ठानों से संग्रहित किए गए खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए भेजे जाएंगे। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। में उप जिलाधिकारी सदर हेमंत पटेल के साथ सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय विनोद कुमार शर्मा, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसएस निरंजन और नागेंद्र कुमार पटेल शामिल रहे। खाद्य सुरक्षा विभाग ने पर्व के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट और अस्वच्छ तरीके से खाद्य सामग्री तैयार अथवा बेचने वालों के खिलाफ जांच एवं कार्रवाई जारी रखने के संकेत दिए हैं।

10 लीटर शराब बरामद महिला गिरफ्तार

ललितपुर। अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने जिले में कार्रवाई तेज कर दी है। जिलाधिकारी के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 अन्विता तिवारी ने शहर एवं आसपास के विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान आबकारी टीम ने शहर क्षेत्र में अम्ब्रोसिया कॉलोनी के पास स्थित बिजली पावर हाउस के समीप अवैध कच्ची शराब की बिक्री किए जाने की सूचना पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान मौके से एक महिला को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पकड़ी गई महिला की पहचान ग्राम मऊमाफी निवासी ऊषा पत्नी नंदकिशोर कबूतरा के रूप में हुई। आबकारी विभाग की टीम ने बरामद शराब को कब्जे में लेते हुए महिला के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया।

जैन मुनियों पर उपसर्ग निवारण हेतु श्रावकों ने बांधे रक्षा सूत्र

ललितपुर। आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के प्रभावक शिष्य मुनि विशदसागर महाराज एवं मुनि शिवसागर महाराज के सानिध्य मे वात्सल्य पर्व रक्षाबन्धन के पूर्व जैन मंदिरों में मुनि उपसर्ग निवारण हेतु संकल्प लेते हुए रक्षा सूत्र बाधे। गुरुवार को नगर के पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अटा मंदिर में मुनि श्री के सानिध्य में प्रदीप जैन शास्त्री बाहुबलीनगर के मार्गदर्शन में शुरू हुआ। रातः काल से ही नगर की जैन मंदिरों में प्रभु अभिषेक शांति धारा के उपरांत श्रावकों ने मुनि उपसर्ग निवारण हेतु संकल्प लेते हुए एक दूसरे को रक्षा सूत्र बांधे और नगर की जैन मंदिरों की वंदना की।

समिति ने स्वास्थ्य, शिक्षा, खान-पान समेत व्यवस्थाओं का लिया जायजा

ललितपुर । अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला निरीक्षण समिति एवं विशेष समिति ने गुरुवार को राजकीय बाल गृह (बालक) दैलवारा और राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) नेहरूनगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों संस्थाओं में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ बच्चों और किशोरों से सीधे बातचीत कर स्वास्थ्य, शिक्षा, खान-पान तथा अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई। दोनों संस्थाओं की व्यवस्थाएं सामान्य तौर पर दुरुस्त पाई गईं। सबसे पहले समिति ने राजकीय बाल गृह (बालक) दैलवारा का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी कर्मचारी अपनी निर्धारित ड्यूटी के अनुसार तैनात मिले। संस्था में वर्तमान में 15 बच्चे निवासरत पाए गए। समिति सदस्यों ने बच्चों से उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, खान-पान और संस्था में उपलब्ध अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बच्चों ने व्यवस्थाओं को ठीक बताया। निरीक्षण के दौरान मनोरंजन कक्ष, शिक्षण कक्ष, शौचालय, स्नान गृह और रसोई कक्ष का भी जायजा लिया गया। बच्चों के पीने के पानी के लिए संस्था में आरओ और वाटर कूलर की व्यवस्था मिली। समिति ने संस्था की अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया, जो दुरुस्त पाई गईं। इसके बाद समिति ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), नेहरूनगर का निरीक्षण किया। यहां कुल 41 किशोर निरुद्ध पाए गए।

300 से अधिक परिजन पहुंचे जिला जेल, तिलक-मिठाई के साथ मनाया रक्षाबंधन का पर्व

सलाखों के बीच सजी राखी, भाइयों से लिया अपराध न करने का वचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जिला जेल टीकमगढ़ में उस समय भावुक कर देने वाला माहौल बन गया, जब जेल में बंद बंदियों की कलाई पर उनकी बहनों ने राखी बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को निभाया। जेल की ऊंची दीवारों और सलाखों के बीच कुछ समय के लिए ऐसा लगा, मानो परिवार के सदस्य एक बार फिर एक साथ आ गए हों। किसी बहन की आंखों में भाई से मिलने की खुशी के आंसू थे तो किसी के चेहरे पर भाई के जल्द घर लौटने की उम्मीद दिखाई दे रही थी। राखी बांधने के दौरान बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया, मिठाई खिलाई और उनकी लंबी उम्र की कामना की। वहीं कई बहनों ने अपने भाइयों से भावुक होकर वचन लिया कि जेल से बाहर निकलने के बाद वे ऐसी कोई गलती दोबारा नहीं करेंगे, जिससे परिवार को फिर से उन्हें जेल की सलाखों के पीछे देखने की नौबत आए। भाइयों ने भी बहनों की रक्षा, सम्मान और भविष्य में गलत राह से दूर रहने का संकल्प लिया।

300 से अधिक परिजन पहुंचे जेल

जिला जेल के उप अधीक्षक एके शुक्ला ने बताया कि रक्षाबंधन के अवसर पर पंजीयन प्रक्रिया के माध्यम से बंदियों की उनके परिजनों से मुलाकात कराई गई। पर्व के मौके पर 300 से अधिक परिजन जिला जेल पहुंचे। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल रहे। दूर-दराज से आए परिजनों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए जेल प्रबंधन की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। बारिश की संभावना को देखते हुए जेल परिसर के बाहर टेंट, कुर्सियों और बैठने की व्यवस्था की गई थी। परिजनों के लिए मिठाई और तिलक की भी व्यवस्था की गई। इसके बाद भाई-बहनों ने जेल परिसर में निर्धारित स्थान पर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया।

राखी बांधते समय छलके आंसू

भाई की कलाई पर राखी बांधते समय कई बहनें भावुक हो गईं। बहनों ने भाइयों को राखी बांधकर उनसे परिवार के लिए सही रास्ते पर चलने का वचन लिया। इस दौरान कई बंदियों की आंखें भी नम नजर आईं। वर्षों से चली आ रही पारिवारिक परंपरा को जेल की चारदीवारी के भीतर निभाते हुए भाई-बहनों ने एक-दूसरे के प्रति अपने प्रेम और विश्वास को मजबूत किया। बहनों का कहना था कि राखी का यह धागा केवल भाई की कलाई पर बंधा धागा नहीं



है, बल्कि यह उसे परिवार, जिम्मेदारी और सही रास्ते की याद दिलाने वाला संकल्प भी है। वहीं भाइयों ने भी बहनों को भरोसा दिलाया कि भविष्य में ऐसी कोई गलती नहीं करेंगे, जिससे उन्हें और उनके परिवार को दुख सहना पड़े।

जेल का बदला स्वरूप बना आकर्षण का केंद्र

जिला जेल परिसर में कराया गया कायाकल्प भी रक्षाबंधन के दौरान लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा। जेल अधीक्षक यजुवेंद्र बाघमारे द्वारा जेल परिसर और अंदरूनी हिस्सों में कराए गए जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण की झलक पर्व के दौरान साफ दिखाई दी। जेल की दीवारों की आकर्षक रंगाई-पुताई, साफ-सफाई और सीलिंग पर की गई लाइटिंग ने पूरे वातावरण को अलग रूप दे दिया। जेल के अंदर का बदला हुआ स्वरूप देखकर कई लोगों को कुछ देर के लिए यह महसूस ही नहीं हुआ कि वे जेल



परिसर में हैं। आकर्षक रंगाई-पुताई और व्यवस्थित वातावरण के बीच भाई-बहनों ने रक्षाबंधन मनाया। जेल प्रबंधन द्वारा पर्व के अनुरूप की गई व्यवस्थाओं से मुलाकात के लिए पहुंचे परिजनों को भी काफी सुविधा मिली।

पर्व ने दिया सुधार और नई शुरुआत का संदेश

जेल में रक्षाबंधन का यह आयोजन बंदियों को अपने जीवन की गलतियों पर विचार करने और भविष्य में अपराध से दूर रहने का संदेश भी देता नजर आया। बहनों द्वारा भाइयों से लिया गया वचन इस पर्व को भावनात्मक रूप से और भी खास बना गया। जेल की सलाखों के बीच बंधी राखियों ने यह संदेश दिया कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, परिवार का प्रेम और विश्वास इंसान को बदलने की प्रेरणा दे सकता है। कुछ घंटों के लिए जेल परिसर में अपराध और सजा की कठोर दुनिया से अलग भाई-बहन के स्नेह, भावनाओं और उम्मीदों का माहौल दिखाई दिया।

शहर सहित जिलेभर में उत्साह से मना रक्षाबंधन का पर्व

बहनों ने भाई की कलाई पर प्यार बांधा है, रेशम की डोरी से संसार बांधा है...

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बहनो ने भाई की कलाई पर प्यार बांधा है, रेशम की डोरी से संसार बांधा है। कुछ इसी अहसास के साथ भाई- बहन के पवित्र रिश्ते का त्यौहार रक्षाबंधन सावन माह के आखिरी दिन पूरे जिले में उत्साह के साथ मनाया गया। अपने प्यार को रेशम के धागों में पिरोकर बहनों ने उसे भाइयों की कलाई पर सजाया तो भाइयों ने भी बहनों की आजीवन रक्षा का वचन दिया। भाई की कलाई में राखी बांध रोली अक्षत का टीका लगाकर दीर्घायु होने की कामना की तो भाइयों ने जीवन पर्यंत बहनों की रक्षा का वचन देकर उपहार दिया।

शुक्रवार को शहर में रक्षाबंधन पर्व को लेकर काफी चहल पहल रही। इस बार भ्रदा नहीं होने के कारण दिन में ही राधी बांधने का सिलसिला शुरू हो गया। बहन भाई के प्रेम का प्रतीक यह त्यौहार हमेशा की तरह घर मे श्रद्धापूर्वक मना लेकिन कुछ सालों से इस त्योहार में चला सोशल मीडिया के चलन ने त्योहार का उल्लास और अधिक बढाने का काम किया है। जिन बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा और जिन भाईयों ने रक्षासूत्र बंधवाया सभी ने प्रेम के इस क्षण को मोबाइल में कैद कर सोशल मीडिया पर प्रचारित कर यादगार लम्हा बना डाला।



जेल में भाइयों को राखी बांधने पहुंची बहने

जो भाई किन्हीं कारणों से जेल में सजा काट रहे हैं या फिर विचाराधीन हैं उन्हें राखी बांधने के लिए बहनें पूजा की सारी सामग्री लेकर जेल पर पहुंच गई। बहनों के इस प्यार की चिंता जेल अधीक्षक प्रभात कुमार ने भी की। जेल अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की शर्त पर बहनों को अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधने की सशर्त स्वीकृति दी। इतना ही नहीं जेल प्रशासन के द्वारा बहनों को राखी बांधने के लिए पूजा की थाली भी उपलब्ध कराई। जेल में दोपहर दो बजे तक राखी बांधने का सिलसिला चलता रहा कई समाज सेवी संगठनों की बहनों ने भी जेल में पहुंचकर उन भाईयों को राखी बांधी जिनकी बहनें जेल तक नही आ सकी।



कोटरा में दिखा गंगा-जमुनी तहजीब की अनूठा नजारा

रक्षाबंधन के अवसर पर सोंईकलां क्षेत्र के गांव कोटरा में गंगा जमुनी तहजीब का अनूठा नजारा दिखाई दिया,जब हर साल की भांति हिंदू बहन गजरी ने इस बार भी अपने मुस्लिम भाई निजामुद्दीन खान की कलाई पर आत्मीयता के साथ राखी बांधी और उसकी आरती उतारते हुए उसकी लंबी आयु की कामना की। वहीं भाई निजामुद्दीन खान ने भी बहन गजरी को जीवनभर सुरक्षा वचन देते हुए उपहार भी दिया। बता दें कि समाजेसवी निजामुद्दीन खान और उनकी आदिवासी बहन गजरी पिछले 33 वर्षों से आत्मीयता के साथ भाई बहन के इस पवित्र रिश्ते को निभा रहे है। दरअसल वर्ष 1994 में जब निजामुद्दीन खान की सगी बहन का असामयिक इंतकाल (निधन) हो गया था। शोक के उस गहन अंधकार के बीच नियति ने उनके सामने आदिवासी समाज की महिला गजरी को ला खड़ा किया। उस विपदा के क्षण में दोनों ने एक-दूसरे में अपने बिछड़े भाई-बहन का स्वरूप देखा। उसी पल धर्म, मजहब और जाति की सभी कृत्रिम दीवारों को ध्वस्त करते हुए निजामुद्दीन खान ने गजरी को अपनी मुंहबोली बहन स्वीकार कर लिया और तब से ही निजामुद्दीन खान अपनी मुंहबोली बहन गजरी के हाथो राखी बंधवाते आ रहे है।

शुक्रवार को फेसबुक पर सबसे अधिक पोस्ट रक्षाबंधन को लेकर ही डाली गई। जिला मुख्यालय सहित आसपास के गांवों में भी रक्षाबंधन का त्योहार उल्लासपूर्वक मनाया गया।

वारदात से दहशत में आए खिरकाईयों पर पशुओं को लेकर रहने वाले ग्रामीण

दिनदहाड़े गसवानी के जंगल से बंदूक और मोबाइल लूट ले गए चार बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जंगल में बनी खिरकाईयों पर बदमाशों की चहल कदमी न हो,इसके लिए पुलिस द्वारा बनाई गई योजना की पोल तब खुलकर सामने आ गई,जब हथियारीधारी बदमाश गसवानी के जंगल में बनी खिरकाईयों पर न सिर्फ दाखिल हो गए,बल्कि भैस चरा रहे ग्रामीण से बंदूक,कारतूस और मोबाइल भी लूटकर ले गए। दिनदहाडे हुई इस वारदात की सूचना के बाद जहां आधा दर्जन पुलिस थानो का फोर्स बदमाशों की तलाश के लिए जंगल में उतर गया, वहीं खुद पुलिस कप्तान मोतीउर रहमान भी जंगल में उतर गए। मगर इसके बाद भी बदमाशों का अभी तक कोई सुराग नहीं है। इस वारदात के बाद जंगल में बनी खिरकाईयों पर पशुओ के साथ रहने वाले ग्रामीणों में दहशत की स्थिति बन गई है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम बैचाई निवासी मुकेश धाकड भी अन्य ग्रामीणों के साथ अपनी भैसो के साथ गसवानी के जंगल में बनी खिरकाई पर रहता है। बताया जा रहा है कि गुरूवार की दोपहर को मुकेश धाकड जंगल में अपनी भैसों को चरा रहा था,इस दौरान उसके कंधे पर बंदूक भी टकी थी और उसके पास 13 कारतूस भी थे। उसके साथ रामनिवास नाम का ग्रामीण भी भैस चरा रहा था। तभी अचानक जंगल में उन्हें बंदूकधारी चार बदमाशो ने घेर लिया और इनकी कनपटी पर बंदूक तान दी। जिसके बाद मुकेश और रामसिंह दोनो इतना डर गए कि उनके मुंह से आवाज तक नहीं निकली। इसके बाद बदमाश मुकेश के कंधे पर टकी बंदूक और कारतूस को लूटने के साथ साथ इनके मोबाइल भी लूट ले गए तथा मोबाइल से सिम निकालकर इन्हें वापस कर गए। इसके बाद डरते हुए वापस लौटे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। गसवानी पुलिस के मुताबिक इस मामले में मुकेश धाकड की रिपोर्ट पर चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट और डकैती की धाराओ में एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।



आधा दर्जन थानों की पुलिस जंगल में कूदी, एसपी भी पहुंचे घटनास्थल पर

गसवानी थाना क्षेत्र के जंगल में दिनदहाडे हुई लूट की वारदात के बाद गसवानी थाने समेत चिलवानी, अगरा, मगरदा, कराहल और बरगवां थाने की पुलिस टीम भी बदमाशों की तलाश करने के लिए जंगल में उतर गई। वहीं एसपी मोतीउर रहमान भी घटनास्थल पर पहुंच गए। एसपी ने घटनास्थल का मौका मुआयना करते हुए पीडित ग्रामीणों से चर्चा की और एसडीओपी राघवेन्द्र सिंह तोमर समेत जंगल सर्चिंग में लगे सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि किसी भी सूरत में बदमाश जंगल से बचकर नहीं निकलने चाहिए। उन्हें जल्द से जल्द पकडा जाए और वारदात को ट्रेस किया जाए। फिलहाल खबर लिखे जाने तक न तो बदमाश मिल सके और न ही पुलिस को उनका कोई सुराग मिल पाया है।

इनका कहना...

जो बदमाश वारदात घटित करके भागे है, उनका फिलहाल कोई पता नहीं है, बदमाशों खिलाफ गसवानी थाने में लूट और डकैती की धाराओ में मामला दर्ज कर उनकी तलाश करवाई जा रही है। आसपास के थानों की पुलिस पार्टियां जंगल सर्चिंग में लगा दी है। और बदमाश जल्द से जल्द पकड में आ जाए,इसके प्रयास किए जा रहे है।

राघवेन्द्र सिंह तोमर
एसडीओपी,विजयपुर

हेमाद्रि संकल्प के साथ मना शक्ति पीठ पर श्रावणी पर्व, बांधी राखियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

गायत्री शक्ति पीठ श्योपुर पर श्रावणी पर्व के अवसर पर विधि विधान के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया गया।इस अवसर पर प्रातः काल सभी परिजनों ने दस स्नान किया , तथा हेमाद्रि संकल्प लिया। उसके पश्चात गायत्री महायज्ञ में सभी ने विश्व कल्याण हेतु आहुतिया दी और सभी ने एक दूसरे को रक्षा सूत्र बांधा। श्रावणी पर्व मनाने पहुंचे लोगों ने जहाँ एक दूसरे को राखी बांधकर संबंध और मजबूत किए वहीं गायत्री शक्ति पीठ परिसर में लुप्त हो रही कुशा (डाब) का रोपण भी किया गया।

इस अवसर चौथमल शर्मा ने वैदिक रीति से कर्म कांड सम्पन्न करवाया। इस अवसर पर गायत्री परिजन कैलाश पाराशर, आदित्य चौहान,, राजेंद्र गुप्ता, कैलाश राठौर,डॉ गायत्री मित्तल,डॉ ओम प्रकाश टकसाली, ब्रजनेश परिहार, बंटी लोधा,गणेश, शिवांशि, जगदीश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

राडेप हाईस्कूल के लिए नवीन भवन स्वीकृत कराने सीएम को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

ग्राम राडेप के सरकारी हाईस्कूल के लिए नवीन स्कूल भवन स्वीकृत कराने की मांग केा लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता गिर्राज सिंह चैधरी ने सीएम डॉ मोहन यादव को पत्र लिखा है। सीएम को लिखे पत्र में भाजपा नेता गिर्राज सिंह ने उल्लेख किया है कि पिछले करीब 6 साल से राडेप में शासकीय हाईस्कूल का संचालन हो रहा है। अभी तक यह स्कूल भवन ग्रामीणों के द्वारा जन सहयोग से निर्मित भवन में संचालित हो रहा था। लेकिन पिछले साल अगस्त में आई तेज बारिश के दौरान यह भवन आधा गिर गया। इसी भवन के तीन कमरो में हाईस्कूल, मिडिल स्कूल संचालित हो रहा है। तेज बारिश के दौरान इन भवनों के गिरने का डर भी स्कूली बच्चों के साथ साथ स्कूल स्टाफ व अभिभावको को सताता है। भाजपा नेता ने सीएम से मांग की है कि राडपे के शासकीय हाईस्कूल के लिए जल्द ही नवीन स्कूल भवन स्वीकृत किया जाए।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना:अब 31 अक्टूबर से अयोध्या-काशी यात्रा पर जाएंगे यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत श्योपुर जिले को अयोध्या-काशी (वाराणसी) तीर्थ स्थान की यात्रा के लिए 262 यात्रियों का कोटा प्राप्त हुआ है। संशोधित यात्रा कार्यक्रम के अनुसार अब यह तीर्थ यात्रा 31 अक्टूबर से 05 नवंबर तक आयोजित होगी। इस यात्रा में शामिल होने के लिए 21 अक्टूबर तक आवेदन किये जा सकते है। कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशानुसार नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी आवेदन संबंधित तहसीलों में प्राप्त किये जायेगे सभी एसडीएम को निर्देश जारी किये गये है कि आवेदन प्राप्त करने के लिए तहसीलों में पृथक से काउंटर खुलवायें जायें तथा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जायें। कार्य के लिए प्रभारी अधिकारी नायब तहसीलदार स्तर के अधिकारी रहेगे। यात्रा 31 अक्टूबर को शिवपुरी रेलवे स्टेशन से रवाना होगी, इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर निर्धारित की गई है। मध्यप्रदेश के ऐसे वरिष्ठ नागरिक जिनकी आयु 60 वर्ष या इससे अधिक है, महिला यात्री के संबंध में दो वर्ष की छूट दी गई है तथा आयकरदाता नही है, वे अपने आवेदन संबंधित तहसील कार्यालय में जमा करा सकते है।



पहुंचेंगे अफसर और नेता,सुनेंगे ग्रामीणों की समस्या,करेंगे समाधान

आज रायपुरा तो 5 को गोरस में आयोजित होगा जन संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत श्योपुर जिले में 29 अगस्त शनिवार को जनसंवाद कार्यक्रम विकासखण्ड श्योपुर के ग्राम रायपुरा में आयोजित होगा। इसके बाद 5 सितंबर को आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम गोरस में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसमें जिले के अफसर और नेता पहुंचकर न केवल ग्रामीणों की समस्याएं सुनेगे,बल्कि उनकी समस्याओं का समाधान करते हुए उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ भी प्रदान करेगे।

उल्लेखनीय है कि प्रत्येक शुक्रवार को जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश है, उक्त निर्देशों के क्रम में शासन द्वारा शुक्रवार के दिन अवकाश होने की स्थिति में इसके अगले दिन शनिवार को शिविर आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में 28 अगस्त शुक्रवार को रक्षाबंधन का अवकाश होने से एक दिवस पश्चात अर्थात शनिवार 29 अगस्त को रायपुरा में तथा 4 सितंबर को जन्माष्टमी अवकाश होने की स्थिति में 5 सितंबर शनिवार को गोरस में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशन में 29 अगस्त को रायपुरा कलस्टर पर आयोजित होने वाले जनसंवाद कार्यक्रम में ग्राम पंचायत तिल्लीपुर, रायपुरा, बर्धाबुजुर्ग, नगदी, नागदा शामिल रहेंगे। इसी प्रकार 5 सितंबर को गोरस में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ग्राम पंचायत गोरस, पिपरानी, रीछी, कमली-ककरधा एवं कैलोर शामिल रहेंगे। इस अभियान के दौरान क्षेत्र भ्रमण, निरीक्षण एवं जनसंवाद के माध्यम से आम लोगों की शिकायतों का निराकरण किया जायेगा तथा शासकीय योजनाओं की निगरानी के साथ ही कल्याणकारी योजनाओं में शेष पात्र लोगों को लाभ देने की कार्यवाही की जायेगी। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत लगने जा रहे शिविर- जनसंवाद कार्यक्रम में भ्रमण क्षेत्र की लंबित सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जायेगा तथा लोक सेवा गारंटी के अधिनियम के अंतर्गत दर्ज भ्रमण क्षेत्र के लंबित प्रकरण भी निराकृत होंगे। इसके साथ ही अविवादित नामांतरण, सीमांकन एवं बटवारा के लंबित प्रकरण भी निराकृत किये जायेगे। ई-केवायसी शिविर व आयुष्मान कार्ड शिविर भी लगाए जायेगे।

इंडिया स्किल प्रतियोगिता के लिए 15 सितंबर तक पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

युवाओं को अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का अवसर देने के लिए कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के तत्वाधान में इंडिया स्किल प्रतियोगिता 2026-28 के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू हो गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक युवा स्किल इंडिया डिजिटल पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को पहले जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करनी होगी। इसके बाद चयनित प्रतिभागी राज्य, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले युवाओं का चयन अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए उम्मीदवार की जन्मतिथि 1 जनवरी 2006 या उसके बाद की होना आवश्यक है। वहीं क्लाउड कम्प्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी और इंडस्ट्री 4.0 जैसी कुछ आधुनिक स्किल्स के लिए आयु सीमा में छूट दी गई है। इन स्किल्स में भाग लेने के लिए 1 जनवरी 2003 या उसके बाद जन्मे युवा पात्र होंगे। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए किसी शैक्षणिक अथवा तकनीकी योग्यता की अनिवार्यता नहीं है। इंडिया स्किल प्रतियोगिता में रोबोटिक्स, क्लाउड कम्प्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी, वेब टेक्नोलॉजी, वेल्डिंग, कारपेंट्री, कुकिंग, फैशन टेक्नोलॉजी, बेकरी और ऑटोमोबाइल सहित 63 इंडस्ट्री-रेडी स्किल्स शामिल हैं। राष्ट्रीय स्तर पर विजेता बनने वाले युवाओं को वर्ष 2028 में जापान के आइची में आयोजित वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता युवाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी हुनर का प्रदर्शन करने और देश का प्रतिनिधित्व करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी।

भगवान श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति योजना के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता 11 सितंबर से

श्योपुर।भगवान श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी 14 विद्याओं एवं 64 कलाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी चयनित किये जायेगे। श्रीकृष्ण पाथेय न्यास एवं मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा यह ऑनलाइन प्रतियोगिता 11 से 30 सितंबर 2026 तक आयोजित की जाएगी। विद्यार्थी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए निर्धारित लिंक अथवा क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कर सकेंगे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूल स्तर के 51 तथा महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर के 51, कुल 102 मेधावी विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित प्रत्येक विद्यार्थी को एक लाख रुपये की एकमुश्त छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

बैठकों तक सीमित बने शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के प्रयास

शहर में पल-पल में लग रहा जाम, दौड़ने के बजाए रेंग रहा ट्रैफिक, आमजन हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पूरे प्रदेश में शायद श्योपुर ऐसा जिला मुख्यालय है जहां सड़कों पर वाहन दौड़ते नहीं बल्कि रंगते हैं। यही कारण है कि इस रेंगते यातायात को कभी लाल हरी पीली बत्तीयां लगाकर नियंत्रण करने की और सरकार का ध्यान ही नहीं गया। उधर जिले के आला अधिकारी इस बिगडी व्यवस्था का सुधारने के लिए गाहे-बगाहे सड़क सुरक्षा यात्रा यातायात सुधार और शहर शहर सौंदर्य करण के नाम पर बैठक करते ही रहते हैं लेकिन इन बैठकों में लिए जाने वाले फैसले बैठक से आगे नहीं बढ़ सके हैं।

शहर में न ही पार्किंग व्यवस्था है और न ही ट्रैफिक संचालन की। नतीजतन सुबह चौड़ी दिखने वाली सड़कें दोपहर तक सिकुड़कर छोटी हो जाती हैं। इसका असर शहर की व्यस्तम क्षेत्र मेन बाजार, टोडी गणेश मंदिर गली के अलावा बड़ौदा-पाली रोड बाजार में अधिक देखने को मिलता है। यहां प्रतिदिन ट्रैफिक जाम के हालत बनते रहते हैं।



सड़कों पर लग रहे हैं ठेले

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बिगाड़ने में ठेला-खोमचा वाले भी बड़ी मुसीबत हैं। नगरपालिका के सामने, गांधी पार्क, बस स्टैंड के पास, अंबेडकर पार्क के सामने सहित अन्य जगह करीब 400 से अधिक ठेला-खोमचा वाले सड़क पर ही खड़े रहते हैं। इनके लिए प्रशासन ने जगह भी उपलब्ध कराई है। हॉकर्स जॉन भी बनाए गए हैं लेकिन ना तो यह होकर्स जॉन में जाते हैं ना ही निर्धारित स्थान पर जाते हैं। जिसके चलते व्यवस्था बिगड़ रही है। उधर यातायात और कोतवाली पुलिस इस दिशा में कुछ काम करने के बजाए नगरपालिका पर जिम्मेदारी डालकर खुद का बचाव करता दिखाई पड़ता है। कुल मिलाकर सारा दबाव नगर पालिका परिषद पर आ गया है जो अकेले कुछ नहीं कर सकती पुलिस और यातायात विभाग इस मामले में हाथ पे हाथ धरे बैठे रहने से हालत बिगड़ रहे हैं।

ऑटो बन रहे मुसीबत का कारण

शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को बिगाड़ने में सबसे ज्यादा ऑटो और ई-रिक्शा मुसीबत बने हुए हैं। शहर में करीब 400 ऑटो और 200 के करीब ई-रिक्शा हैं, जो सवारियां भरने के लिए मनचाही जगहों पर खड़े हो जाते हैं। हालांकि कई बार यातायात विभाग और जिला प्रशासन बैठक कर फोटो के रूट निर्धारित करने और स्टैंड के करने की कवायद करता है लेकिन यह निर्धारण सिर्फ बैठक तक सीमित रहता है। जिसके चलते बाजार में ऑटो भी यातायात बिगड़ने का काम कर रहे हैं।

ट्रैफिक पुलिस नहीं देती है ध्यान :

जब भी कोई ऑटो या चार पहिया वाहन सड़क पर बेतरतीब तरीके से खड़ा करता है, तो यातायात पुलिस उन्हें टोकती नहीं है। उस वाहन चालक को वाहन हटाने के लिए भी नहीं बोला जाता है, जिसके चलते कुछ ही देर में ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाता है।

इनका कहना है...

शहर में यातायात का बोझ कम करने के उद्देश्य हाल ही में संपन्न हुई परिषद की बैठक में वार्ड 10 नागदा रोड से बंजारा डेम तक आंतरिक बाईपास बनाने के लिए पुलिया निर्माण की स्वीकृति मिल गई है पार्किंग भी जगह-जगह विकसित करने के प्लानिंग बना ली गई है बायपास रोड पर पार्क के पास चौपाटी बाजार बनकर तैयार होने वाला है जिस शहर सौंदर्य करने के साथ यातायात से मुक्ति मिलेगी।

नरेंद्र जाटव
सीएमओ श्योपुर

आईटीआई में प्रवेश हेतु छठवां सीएलसी राउंड की अंतिम तिथि आज

श्योपुर। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) श्योपुर, कराहल एवं विजयपुर में प्रवेश के लिए छॅठवा सीएलसी राउंड 25 अगस्त से शुरू हो गया है। आईटीआई प्राचार्य श्योपुर निखिल कुजुर ने बताया कि सीएलसी राउंड के लिए नवीन रजिस्ट्रेशन, च्वॉइस फिलिंग अथवा त्रुटि सुधार 25 अगस्त से 29 अगस्त तक कर सकते है। आवेदक स्वैच्छा से अधिकतम 5 ट्रेड के च्वॉइस भर सकते है। च्वॉइस लॉक करने के पश्चात संशोधन किया जाना संभव नही होगा। उन्होंने बताया कि कॉलेज लेबल काउंसलिंग सीएलसी राउंड के लिए 29 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन करने वाले अभ्यर्थी 31 अगस्त को संबंधित आईटीआई में उपस्थित होंगे, 1 सितंबर को प्रातः 10 बजे आईटीआई के लॉगिन पर ट्रेड अनुसार मेरिट सूची जारी होगी। इसके साथ ही सूचना पटल पर भी मेरिट सूची को प्रदर्शित किया जायेगा। मेरिट में आने वाले अभ्यर्थियों के दस्तावेजो का सत्यापन एवं प्रवेश की कार्यवाही प्रातः 11 बजे से शुरू होगी। यदि सीटे रिक्त रहती है तो 3 सितंबर को वेटिंग लिस्ट जारी की जायेगी तथा वेटिंग लिस्ट अनुसार इसी दिनांक को दोपहर 01 बजे से प्रवेश की प्रक्रिया की जायेगी। आईटीआई में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने कम्प्यूटर या एंड्रॉयड मोबाइल फोन अथवा ऑनलाइन सहायता केन्द्रों के माध्यम से विभाग के पोर्टल पर 25 अगस्त से 29 अगस्त तक अपना पंजीयन व च्वॉइस फिलिंग कर सकते हैं। इसके अलावा नजदीकी शासकीय आईटीआई में उपस्थित होकर हेल्पडेस्क के माध्यम से पंजीयन कराकर च्वॉइस फिलिंग कर सकते है।

खबर संक्षेप

जिला परिवहन अधिकारी ने की चंदेरी में वाहनों की चेकिंग

अशोकनगर। जिला परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी द्वारा तहसील चंदेरी में यात्री वाहनों के दस्तावेज चैक किये गए। चैकिंग के दौरान वाहनों के दस्तावेजों एवं वाहनों में कमी पाये जाने पर 07 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की जाकर समझौता शुल्क की राशि रूपये 27000 वसूल किया गया। उक्त चैकिंग के दौरान यात्री वाहनों में ओवरलोडिग/अग्निशमन यंत्र/फस्टएेड बॉक्स ना होना एवं सीट बेल्ट ना लगा होने पर आदि अपराधों में नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जाती है। आगे भी जिले मे चैकिंग निरतंर जारी रहेगी। 27 अगस्त फोटो न.22 चंदेरी में परिवहन विभाग ने बसों पर कार्यवाही की।

आकाशीय बिजली गिरने से भैंस की मौत



राजपुर। राजपुर कसवे मैं सुवह 9 बजे के दरम्यान अपने खेत पर जब दोनों भैंस एव उनका पाड़ा खूंटे पर बंधे थें अचानक तेज चमकदार जेसी रोशनी हुई और आकाशीय बिजली गिरने से एक एक कर तड़प कर तीनों की मौंके पर ही मौत हो गई। राजपुर पुलिस चोकी में लिखित आवेदन दिया है, वही गांव के हल्का पटवारी को भी अवगत कर दिया है। राजपुर में पशु चिकित्सालय भवन होंने के वाद भी वहा पर कोई डाक्टर नहीं रहता है ,समाचार लिखे जानें तक इन्तजार करतें करतें पांच घंटे वीत गय लेकिन डाक्टर नहीं आए।

गौशालाओं में लगेंगे लिक्विड फर्टिलाइजर प्लांट

अशोकनगर। जिले की गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लिक्विड फर्टिलाइजर प्लांट स्थापित किये जायेगें। इस आशय की जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन ने बताया कि इन संयंत्र के माध्यम से गौशालाओं में उपलब्ध गोबर एवं अन्य जैविक उर्वरक तैयार किया जायेगा। इस पहल से गौशालाओं में गोबर का बेहतर प्रबंधन होने के साथ-साथ जैविक खाद का उत्पादन संभव होगा। तैयार जैविक उर्वरक का उपयोग कृषि कार्यो में किया जा सकेगा। जिससे किसानों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह प्लांट गौशालाओं में स्थापित कराने के लिए दो माह का समय दिया गया है।

नीरज को भोपाल महानगर पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रभारी बनाया



अशोकनगर। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सभी जिलों के प्रभारी के रूप में पिछड़ा वर्ग को मजबूत करने के लिए घोषणा की गई जिसमें अशोकनगर से नीरज सोनी जिनको भोपाल महानगर का पिछड़ा वर्ग मोर्चे का प्रभारी बनाया गया है। नीरज सोनी पूर्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा अशोकनगर के जिला अध्यक्ष भाजपा जिला उपाध्यक्ष, एल्डरमैन जैसे कई पदों पर रहकर पार्टी की सेवा की है। उनकी घोषणा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एंव पिछड़ा वर्ग मोर्चे के प्रभारी मनोरंजन मिश्रा की सहमति प्रदेशाध्यक्ष पवन पाटीदार जो कि पिछड़ा वर्ग मोर्चे की मध्य प्रदेश की कमान संभाले हुए हैं उनके द्वारा अपनी टीम का विस्तार किया गया है। नीरज सोनी की घोषणा से जिले में एक खुशी की लहर दौड़ गई है। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के पुराने कर्मठ कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की साथी प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। शहर के सभी बुद्धिजीवी समाजसेवी और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी।

शासकीय महाविद्यालय सेहराई में 'खेलो इंडिया संवाद के अंतर्गत प्रधानमंत्री ने खेल को लेकर बच्चों से की बात

युवाओं से पीएम मोदी ने कहा 'जो खेलेगा, वही खिलेगा' 2036 ओलंपिक के लिए बताया रोडमैप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय महाविद्यालय सेहराई में में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'खेलो इंडिया संवाद खेल की बात पीएम के साथ' कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। है। विशेष बात यह है कि सहराई महाविद्यालय के विद्यार्थी के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने स्क्रीन शेयर की।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना, उनमें खेल भावना विकसित करना तथा स्वस्थ, अनुशासित और सशक्त राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक ब्रजेन्द्र सिंह यादव विशिष्ट अतिथि साकेत मालवीय कलेक्टर अशोकनगर, ए.एस.पी अंतर सिंह, जिला खेल अधिकारी अरुण कुमार रघुवंशी, आलोक तिवारी जिला अध्यक्ष भा.ज.पा. अशोकनगर, एसडीओपी सनम बी खान एस डी एम ब्रज विहारी श्रीवास्तव, श्रेया कंदोला आदि शामिल हुए।





प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना गया

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं प्रतिभागियों के स्वागत, दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात प्राचार्य डॉ अतुल गुप्ता द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वर्चुअली महाविद्यालय के विद्यार्थी जुड़े, संबोधण को सुना। प्रधानमंत्री ने खेलों के महत्व, युवाओं की ऊर्जा, खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन तथा देश में मजबूत खेल संस्कृति विकसित करने पर प्रेरणादायी विचार साझा किए। युवाओं से पीएम मोदी ने कहा 'जो खेलेगा, वही खिलेगा', 2036 ओलंपिक के लिए बताया रोडमैप 200 से अधिक राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इस संवाद में सहभागिता की और प्रधानमंत्री के संदेश से प्रेरणा प्राप्त की।



सोनिया ने अपने अनुभव साझा किए

इस अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। इसके पश्चात आयोजित 'स्थानीय युवा संवाद में एथलेटिक्स से जुड़ी सोनिया राजवाड़े ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बजेन्द्र सिंह यादव ने युवाओं को संबोधित करते हुए खेलों को अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। और कहा कि हमारे प्रधानमंत्री का ध्यान ग्रामीण स्तर के महाविद्यालय तक है। इस अवसर पर कलेक्टर साकेत मालवीय ने युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक मजबूती, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मानसी रघुवंशी और भूरक्षा दुबे ने युवा संवाद में भाग लिया

मानसी रघुवंशी और भूरक्षा दुबे ने युवा संवाद के दौरान प्रश्नोत्तरी सत्र में उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी सक्रिय रूप से भाग लेने और अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने के लिए प्रेरित किया। उनके मार्गदर्शन और खेलों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अंजू सिहारे ने किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को स्मृति-चिन्ह भेंट किए गए। इसके पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का गरिमापूर्ण समापन हुआ तथा अतिथियों, आयोजन समिति एवं प्रतिभागियों के साथ समूह छायाचित्र लिया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी एवं उत्साहपूर्ण अनुभव रहा। कार्यक्रम ने युवाओं में खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ किया। साथ ही, इस पहल ने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि शिक्षा और खेल का संतुलित समन्वय ही एक स्वस्थ, आत्मविश्वासी और सक्षम युवा पीढ़ी का निर्माण कर सकता है। अरुण कुमार रघुवंशी ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा आयोजित यह पहल युवाओं को खेलों से जोड़ने तथा 'फिट युवा सशक्त भारत' की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय प्रयास रही।

ससुराल से मिले फर्जी ट्रेनी अफसर के मोमेंटो

फर्जी आईएएस बनकर 9.80 लाख ठगने वाले गिरोह का पर्दाफाश, भोपाल से इनोवा कार बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश टूरिज्म विभाग की एडिशनल डायरेक्टर और फर्जी आईएएस अधिकारी बनकर युवाओं को सरकारी नौकरी का झांसा देने वाले गिरोह पर चंदेरी पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों के भोपाल स्थित ठिकानों से धोखाधड़ी से जुड़े कई अहम साक्ष्य, फर्जी मोमेंटो और वारदात में प्रयुक्त भारत सरकारश की पट्टी लगी इनोवा कार बरामद की गई है। पुलिस ने मामले में आरोपी तृप्ति सिंह राजपूत की कार के ड्राइवर को भी गिरफ्तार कर लिया है।

किला कोठी में ठहरा था ठग गिरोह- मामला अप्रैल 2025 का है, जब भोपाल निवासी तृप्ति सिंह राजपूत, उसका भाई सुधांशु सिंह, तनुज बैश्य और अंजली सिंह चंदेरी भ्रमण पर आए थे और किला कोठी में ठहरे थे। आरोपी तृप्ति सिंह ने खुद को एमपी टूरिज्म विभाग का एडिशनल डायरेक्टर और मानव संसाधन विकास मंत्रालय का हेड बताकर स्थानीय युवकों को प्रभावित किया।उसने फरियादी जयकुमार कोली (निवासी पसियापुरा, चंदेरी), विजय कुमार दुबे, ऋतिक शर्मा और राघव सोनी को सरकारी नौकरी और मोटा वेतन दिलाने का लालच दिया। इसके बदले प्रति व्यक्ति 3 लाख रुपये की मांग की गई। झांसे में आकर फरियादियों ने 9 लाख 80 हजार रुपये नगद और अपने शैक्षणिक दस्तावेज आरोपियों को सौंप दिए थे।

भोपाल में दबिश, ससुराल से मिले फर्जी ट्रॉफी-मोमेंटो

फरियादियों की शिकायत पर चंदेरी थाने में धारा 318(4), 336(3), 338 और 340(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। चंदेरी पुलिस टीम ने न्यायालय से आरोपी तृप्ति सिंह और उसके भाई सुधांशु का 3 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस टीम ने आरोपियों के संत आसाराम नगर (बागमुगलिया, भोपाल) स्थित घर पर दबिश देकर पीड़ितों के मूल दस्तावेज, महंगे आईफोन की रसीदें, लग्जरी होटलों में रुकने के बिल और हवाई यात्रा के टिकट जब्त किए। इसके अलावा, अल्कापुरी (भोपाल) स्थित तृप्ति की ससुराल से फर्जी आईएएस ट्रेनी अफसर बनने के दस्तावेज, ट्रॉफी और मोमेंटो बरामद हुए हैं।

भारत सरकार लिखी इनोवा कार और ड्राइवर गिरफ्तार

पुलिस ने भोपाल के अयोध्या नगर से आरोपियों के ड्राइवर भूपेंद्र बैरागी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से फर्जीवाड़े में प्रयुक्त इनोवा कार एमपी 04 टीए 4178 बरामद की गई है, जिस पर श्भारत सरकारश की पट्टी लगी हुई थी। इसी गाड़ी से आरोपी लोगों पर रौब झाड़ते थे। साक्ष्य छिपाने की कोशिश करने पर पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 319(2), 61(2) और 238 का इजाफा किया है। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों तनुज वैश्य और अंजली सिंह की तलाश जारी है।

रक्षाबंधन के पर्व पर स्कूलों में छात्र-छात्राओं ने पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधे



अशोकनगर। जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा की प्रेरणा से रक्षाबंधन के अवसर पर स्कूलों में विद्यार्थियों ने अनूठी पहल करते हुए पेड़ों की रक्षा का संकल्प लिया। छात्र-छात्राओं ने पेड़ों को राखी बांधकर उनकी सुरक्षा और संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर बच्चों ने कहा कि जिस तरह भाई-बहन एक-दूसरे की रक्षा का वचन देते हैं, उसी तरह हमें पेड़-पौधों की भी रक्षा करनी चाहिए। पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण को स्वच्छ एवं संतुलित रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यालयों में आयोजित इस पहल के माध्यम से बच्चों ने समाज को संदेश दिया कि "पेड़ बचेंगे तो जीवन बचेगा।" विद्यार्थियों ने पेड़ों की नियमित देखभाल करने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प भी लिया।

प्रकरण में देरी पर परिजनों ने सड़क पर रखा शव

चुनरी यात्रा के साथ चल रहे ट्रैक्टर की चपेट में आए बच्चे की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बहादुरपुर थाना क्षेत्र के इकोदिया के निकट बीते गुरुवार को एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक बच्चा और उसका पिता बुरी तरह घायल हो गए थे, जिनमें से बच्चे की मौत गत बुधवार को भोपाल के हमीदिया अस्पताल में उपचार के दौरान हो गई। बच्चे का शव जब अस्पताल से घर लाया जा रहा था तो उसके परिजन एवं ग्रामीण पुलिसिया कार्रवाई में देरी को कारण बताते हुए आक्रोषित हो गए और षव को घर न ले जाकर बहादुरपुर पुलिस थाने के सामने ला कर सड़क पर रख दिया। करीब आधे घंटे तक उन्होंने नारेबाजी कर प्रदर्षन किया, तब तक पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर कर दी। इसके बाद प्रदर्षन समाप्त हो गया।

थाना प्रभारी नीलम सिंह यादव ने बताया कि बीते गुरुवार को बंगला चैराहा-करीला मार्ग पर इकोदिया गांव के निकट एक आईषर ट्रैक्टर की चपेट में 12 वर्षीय देव नामक बच्चा और उसका पिता 45 वर्षीय वीरसिंह परिहार निवासी बगवा आ गए थे। यह ट्रैक्टर विदिषा जिले की किसी गांव से आई चुनरी यात्रा के साथ चल रहा था। दुर्घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहादुरपुर, फिर जिला अस्पताल और इसके बाद भोपाल के हमीदिया अस्पताल ले जाया गया था। जहां गत बुधवार को बच्चे ने दम तोड़ दिया जबकि उसके पिता का उपचार जारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना के मामले में पहले उपचार आवष्यक होता है, पुलिस की कार्रवाई कभी भी हो जाती है किंतु बच्चे की मौत हो जाने के कारण परिजन आक्रोषित हो गए थे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

वरिष्ठ अधिकारियों के भ्रमण के दौरान आंगनबाडी केन्द्रों पर पोषण टेकर एप एंट्री. सी.एम. हेल्पलाईन निराकरण, मैदानी स्तर पर गृह भेंट, कुपोषण चिन्हांकन, हितग्राहियों को दी जाने वाली सेवाओं में अनेक कमियों पाई जाती है। इन्हीं कमियों के पाए जाने पर मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम 2026 के तहत 7 अगस्त 2026 को जी.वी.रश्मि प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना मुंगावली के भ्रमण के दौरान निर्देशित किया कि जिला अशोकनगर में सभी सेक्टर स्तर पर आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के छोटे-छोटे बैच बनाकर प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि ट्रेनिंग थीम बेस्ड हों एवं प्रशिक्षण में पर्याप्त समय दिया जाए, ताकि प्रत्येक आंगनबाडी कार्यकर्ता पर ध्यान दिया जाए। इसी के आधार पर 12 अगस्त 2026 से प्रशिक्षण प्रारंभ किए गए। 20 अगस्त 2026 तक सेक्टर अशोकनगर ग्रामीण, बरखेडा गौड, नारायणपुर, राजपुर, रातीखेडा, सेमराहाट, शाढौरा, तूमैन में कुल 140 ओगनबाडी कार्यकर्ताओं को चिन्हिप्त कर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें आंगनबाडी कार्यकर्ता को संपर्क एप व पोषण टेकर एप के एक-एक बिंदु पर विस्तार से समझाया गया। आंगनबाडी कार्यकर्ता को कौन से बिंदु पर किस समय एंट्री करना है यह बताया गया।

चंदेरी पर्यटन नगरी से ई-बस सेवा प्रारंभ करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

भारत सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री ई-बस सेवा को मंजूरी प्रदान की गई है, जिसके तहत देश के विभिन्न राज्यों में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है। इसी तर्ज पर मध्य प्रदेश में भी मुख्यमंत्री परिवहन सेवा के तहत इलेक्ट्रिक बसें संचालित हो रही हैं, जिसमें मध्य प्रदेश राज्य सरकार द्वारा इंदौर, भोपाल, उज्जैन आदि शहरों में इस सेवा की शुरुआत की जा रही है, ग्वालियर संभाग को इसमें कनेक्ट किया जा रहा है। इस सब को देखते हुए अशोकनगर जिले की पर्यटन नगरी चंदेरी को भी इलेक्ट्रिक बसों के माध्यम से जोड़ने की मांग क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के माध्यम से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से नागरिकों द्वारा की गई है, जिससे पर्यटन नगरी चंदेरी भी पर्यावरण हितैषी इलेक्ट्रिक बसों से संबंध हो सके और यहां पर्यटकों का आना इन बसों के माध्यम से प्रारंभ हो जाए।



कार्रवाई का दिया आश्वासन

कच्ची सड़क पर बनी पुलिया के क्षतिग्रस्त होने के बाद विधायक मौके पर पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर


विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुन्दौली में भ्रमण के दौरान विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। कच्ची सड़क पर बनी पुलिया के बरसात में क्षतिग्रस्त होने के बाद विधायक मौके पर पहुंचे, कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने दूसरे गांव को जोड़ने वाली कच्ची सड़क पर बनी पुलिया के बरसात में क्षतिग्रस्त होकर बह जाने की समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन बाधित हो गया है और उन्हें दूसरी ओर जाने के लिए करीब 10 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा है। इससे ग्रामीणों, विद्यार्थियों, किसानों एवं अन्य लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मंत्रों की साधना के लिए उच्चारण शुद्धि की नितांत आवश्यकता है: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

साइंस ऑफ लिविंग के इस सत्र में, पूज्य मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने बताया कि साइंस ऑफ प्रनन्सियेशन सही उच्चारण का व्यक्तित्व और आध्यात्मिक विकास के क्षेत्र में गहरा योगदान है। हम जितना इस बात को समझने का प्रयास करते हैं उतना ही हमारा सर्वांगीण विकास होता चला जाता है।

उन्होंने कहा कि भाषा हमारे भावों को अभिव्यक्त करने का सबसे सशक्त माध्यम है। भाषा को शब्दों व संकेत के माध्यम से पहचान मिलती है और शब्द के उच्चारण उसकी गुणवत्ता का निर्धारण करते हैं। उदाहरण के लिए प्राचार्य जी ने एक शिक्षक से कहा सूचना पटल पर सूचना लिख दीजिए कि श्कल विद्यालय बंद रखा जाएगा अब शिक्षक ने लिख दिया कि कल विद्यालय बंदर खा जाएगा। इस तरह से हम भी जब मंत्र आदि की साधना को करते हैं उस समय मंत्रों के उच्चारण पर भी विशेष ध्यान रखा होता है। नहीं तो राम का नाम लेते जा रहे हैं और मारा-मारा कहते जा रहे हैं। इस प्रकार अशुद्ध उच्चारण के माध्यम से कभी भी शुद्धत्व की प्राप्ति नहीं हो सकती है।



आचार्य धरसेन मुनिराज ने भी अपने शिष्यों का परीक्षण किया और पुष्पदंत व भूतवली मुनिराज को एक-एक मंत्र देकर उनकी परीक्षा की। और जब वे परीक्षा में खड़े उतरे तो फिर इनको प्रशिक्षित किया। इस प्रशिक्षण के बाद ही उन दोनों शिष्यों ने षट्खंडागम जैसे सदी का सबसे महान ग्रंथ लिखा। इसलिए जैन दर्शन में मंत्र सिद्धि में उच्चारण शुद्धि को महत्वपूर्ण माना है। उल्लेखनीय है कि मुनिश्री द्वारा प्रतिदिन तीन-चार कक्षाएं लगाकर श्रद्धालुओं को विभिन्न शास्त्रों का अध्ययन कराया जा रहा है। इस दौरान मुनि श्री शब्दों के उच्चारण का विशेष रूप से अध्ययन करते हैं और समझने के लिए स्लेट पर शब्दों को लिखकर भी बताते हैं। इस तरह वह श्रद्धालुओं के उच्चारण को शुद्ध करा रहे हैं। धर्म सभा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं।